an>

title: Need to open Government offices including reservation counter and post offices in Kaushambi Parliamentary Constituency in Uttar Pradesh.

श्री विनोद कुमार सोनकर (कौशाम्बी) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं कौशाम्बी लोक सभा क्षेत्र से चुन कर आता हूँ। यह भगवान बुद्ध की तपोस्थली रही है। इसकी महत्ता को देखते हुए 4 अप्रैल, सन् 1997 को उत्तर प्रदेश की ब.स.पा. सरकार ने एक अलग जिले का गठन किया था। पिछले 16-17 साल में प्रदेश सरकार के सारे कार्यालय वहां खुल चुके हैं। लेकिन कई बार निवेदन करने के बावजूद भारत सरकार के जो कार्यालय वहां खुलने चाहिए थे, वे आज तक नहीं खुले हैं। मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से मांग करता हूँ कि वहां पर एक रिज़र्वेशन काउंटर खोलने की कृपा करें। आज तक वहां एक पोस्ट ऑफिस नहीं खुला हुआ है, जबकि वह पूरा एक ग्रामीण अंचल है। वहां पर कोरियर की कोई सुविधा नहीं है। वहां का सारा जनमानस पूरी तरह से पोस्ट ऑफिस पर निर्भर है। वहां एक पोस्ट ऑफिस खोलने की कृपा करें। क्षेत्र में एक भी इंकम टैक्स का कार्यालय नहीं है, जिससे लोगों को इलाहबाद आना पड़ता है। …(व्यवधान)